सार-समाचार

आईएफएमआईएस की तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु 16 एवं 17 जुलाई को जिला कोषालय में लगेगा विशेष शिविर

रतलाम। आईएफएमआईएस पोर्टल से संबंधित तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला कोषालय कार्यालय, रतलाम में 16 एवं 17 जुलाई 2026 को विशेष तकनीकी सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा। विशिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आईएफएमआईएस से संबंधित तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए इस विशेष शिविर में आमंत्रित किया गया है। शिविर के दौरान विशेषज्ञों द्वारा प्राप्त समस्याओं का परीक्षण कर उनका यथासंभव तत्काल निराकरण किया जाएगा।

जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट तथा कालूखेड़ा में कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन 31जुलाई तक आमंत्रित

रतलाम। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। रतलाम जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय, आलोट के अंतर्गत आलोट, जावरा एवं बाजना विकासखंड के तथा पी.एम.श्री. जवाहर नवोदय विद्यालय, कालूखेड़ा के अंतर्गत रतलाम, सैलाना एवं पिपलोदा विकासखंड के ऐसे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 में किसी मान्यता प्राप्त शासकीय अथवा अशासकीय विद्यालय की कक्षा 5 में अध्ययनरत हों तथा संबंधित विकासखंड के निवासी हों। आवेदन हेतु विद्यार्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होना आवश्यक है। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 28 नवंबर 2026 (शनिवार) को पूर्वाह्न में संबंधित विकासखंडों के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

जनसुनवाई में लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से मिलेगी निःशुल्क विधिक सहायता

रतलाम। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में आमजन को त्वरित एवं निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान लीगल एड क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। लीगल एड क्लीनिक का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष क्रमांक 16 में किया जाएगा। क्लीनिक में नागरिकों को उनकी विभिन्न विधिक समस्याओं के संबंध में निःशुल्क कानूनी परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी जाएगी। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी विधिक समस्याओं के समाधान हेतु जनसुनवाई के दौरान संचालित लीगल एड क्लीनिक का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

25 साल पुराने आवागमन मार्ग पर विवाद, आदर्श नगरवासियों ने निष्पक्ष नपती की मांग

रतलाम। वार्ड क्रमांक-9 स्थित 80 फीट रोड, नारायणी पैलेस गार्डन के पीछे आदर्श नगर कॉलोनी के रहवासियों ने 25 वर्षों से उपयोग में आ रहे सार्वजनिक मार्ग को सीमेंट ब्लॉक लगाकर बंद करने का आरोप लगाया है। रहवासियों का कहना है कि भू-माफिया द्वारा लगातार मार्ग पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। रहवासियों ने बताया कि इस संबंध में 18 अक्टूबर 2022, 22 नवंबर 2022, 20 फरवरी 2024, 20 मई 2025, 3 जून 2025 और 19 मई 2026 को जनसुनवाई, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत निवारण विभाग में शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि मई में राजस्व विभाग के पटवारी द्वारा बिना पूर्व सूचना के एकपक्षीय नपती की गई, जिससे वे संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने राजस्व विभाग की एसएलआर टीम से जीरो पॉइंट से निष्पक्ष नपती कराने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता, तो वे पुराने आवागमन मार्ग को स्वयं पुनः शुरू करेंगे।

जिला अस्पताल में एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा, 95:95:99 लक्ष्य हासिल करने के दिए निर्देश

रतलाम। मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति, भोपाल की उप संचालक डॉ. राधिका गुप्ता एवं सहायक संचालक वैभव पाटील ने 11 जुलाई को जिला चिकित्सालय रतलाम का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी बीएमओ, बीसीएम, बीपीएम एवं एनएसीपी स्टाफ के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अधिकारियों ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नए एचआईवी एवं सिफलिस पॉजिटिव बच्चों के नए मामले नहीं आने देने के लिए संकल्प दिलाया। साथ ही ह्वद्धरूस्र में मौजूद त्रुटियों को शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए। विभिन्न घटकों के लक्ष्य एवं उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने मिशन एड्स सुरक्षा कार्यक्रम की भी विस्तृत समीक्षा की तथा राष्ट्रीय लक्ष्य 95:95:99 को प्राप्त करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर उसे समयबद्ध तरीके से लागू करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिया, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. ए.पी. सिंह, एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक अरोरा, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, बीसीएम, बीपीएम तथा डीएसआरसी, आईसीटीसी, एआरटी, विहान, लक्ष्य हस्तक्षेप परियोजना, लिंक वर्कर स्कीम, एसएसके सहित संबंधित कार्यक्रमों के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का प्राथमिकता के साथ संतुष्टिपूर्वक करें निराकरण : कलेक्टर

रतलाम। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर सभागार में साप्ताहिक अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों को लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सामाजिक न्याय विभाग को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का तथ्यों के आधार पर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत किया जाए। आवश्यक बजट की समय पर मांग भेजकर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाते हुए शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को रोगी कल्याण समिति के माध्यम से किए जा सकने वाले भुगतान तत्काल कर शिकायतों का निराकरण करने तथा मेडिकल कॉलेज से संबंधित प्रसूति सहायता नहीं मिलने की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें अधिक समय से लंबित हैं, उन्हें विशेष अभियान चलाकर शीघ्र निराकरण करने के लिए कहा गया।

महू-नीमच रोड पर पुलिया की दीवार से टकराई कार, शिशु रोग विशेषज्ञ व ससुर की मौत, पांच घायल

रतलाम। महू-नीमच हाईवे पर रतलाम जिले के ग्राम धराड़ के समीप आधी रात भीषण हादसा हो गया। हादसा कार के पुलिया की दीवार से टकराने से हुआ। हादसे में कार में सवार रतलाम के बाल चिकित्सालय में पदस्थ 45 वर्षीय शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष सिंह व उनके 80 वर्षीय ससुर शिवनारायण राजौरिया की मौत हो गई तथा दो बच्चों सहित पांच व्यक्ति घायल हो गए।

वहीं दीवार से टकराने से कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। डॉ. मनीष सिंह मूल रूप से ग्वालियर के रहने वाले थे। वे परिजन के साथ भोपाल से कार में सवार होकर रतलाम लौट रहे थे, तभी यह दुखद हादसा हो गया।

बताया जाता है कि डॉ. मनीष सिंह पत्नी व बच्चों के साथ भोपाल स्थित ससुराल गए हुए थे। रविवार रात शिशु रोग विशेषज्ञ वर्षीय मनीष सिंह, पत्नी 39 वर्षीय सरस्वती, पुत्री सात वर्षीय सयाना व रैवा, साढ़ू अनुज गुप्ता, शिवनारायण राजौरिया निवासी भोपाल व अनुज गुप्ता की पत्नी 42 वर्षीय लवली गुप्ता कार (एमपी-04सीजेड-5519) में सवार होकर महू-नीमच हाईवे होकर रतलाम लौट रहे थे। तभी कार अंसुतलित होकर रात करीब 3.30 बजे रतलाम जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम धराड के समीप स्थित छोटी पुलिया पुलिया की दीवार (बाउंड्रीवाल) से जा टकराई। हादसा इतना खतरनाक था कि कार का बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर बिलपांक थाने के पुलिस अधिकारी और पास में ही स्थित चिकलिया (बिलपांक) टोल नाके की एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों व एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया, जहां डॉ. मनीष सिंह को मृत घोषित किया गया तथा शेष घायलों को भर्ती किया गया। इलाज के दौरान कुछ समय बाद डॉ. मनीष सिंह के ससुर शिवनारायण राजौरिया की भी मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

ग्वालियर के रहने वाले थे डॉक्टर, एक साल

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष सिंह मूल रूप से ग्वालियर के रहन वाले थे। वे भोपाल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में डिप्टी डायरेक्टर के पद पर पदस्थ रह चुके है तथा लगभग एक साल पहले पहले भोपाल से से स्थानातंरित होकर रतलाम आए थे। जून 2026 में रतलाम की सीएमएचओ डॉ. संध्या बेरसेरे अवकाश पर गई थी, तब करीब एक माह तक डॉ. मनीष सिंह रतलाम के प्रभारी सीएमएचओ के पद पर भी पदस्थ रहे। डॉ. मनीष सिंह के निधन की खबर से स्वस्थ्य विभाग में शोक की लहर दौड़ गई।

जांच की जा रही है

पुलिस ने मौके पर क्रेन मंगवाकर क्षतिग्रस्त कार को वहां से हटवाया तथा पुलिस थाना परिसर ले जाकर रखवाया है। बिलपांक थाना प्रभारी अय्यूब खान ने दूरभाष पर जानकारी लेने पर सर्च इंडिया न्यूज डॉट कॉम को बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि डॉ. मनीष सिंह के साढ़ू अनुज गुप्ता चला रहे थे। यह बात भी सामने आई है कि उन्हें नींद की झपकी लगने से कार अंतुलित होकर पुलिया की दीवार से टकरा गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

भाजपा की जिला बैठक में डिजिटल लर्निंग और संगठन विस्तार पर दिया गया जोर

रतलाम। सैलाना के ओशीन परिसर में सोमवार को हुई भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक में डिजिटल लर्निंग और संगठन विस्तार पर जोर दिया गया। मुख्य वक्ता संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कहा कि संगठन द्वारा सौपी गई हर जिम्मेदारी को प्राथमिकता दे, इससे ही भाजपा की नई पीढ़ी का सशक्त निर्माण होगा । बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की । जिला महामंत्री महेश सोनी एव जयवंत कोठारी भी मंचासीन रहे ।

बैठक की शुरुआत अतिथियों द्वारा भारत माता और पार्टी के मार्गदर्शक महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने जिले के सभी मंडलों की संगठनात्मक प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। इसके पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने स्वागत उद्बोधन देते हुए 23 जून से 6 जुलाई तक चले विशेष पखवाड़े की सफलता पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि जिले में बलिदान दिवस, कार्यकर्ता सम्मेलन और अन्य सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। उन्होंने मंडलवार डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण जानकारी ली ।

संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित संगठनात्मक कैलेंडर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 से 7 तारीख तक मंडल, 7 से 12 तारीख तक जिला बैठक और 21 से 25 तारीख तक शक्ति केंद्रों की बैठक होगी। इसके बाद मन की बात कार्यक्रम के साथ बूथ स्तर की बैठकें आयोजित होगी। संभाग प्रभारी ने डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जिला और मंडल स्तर पर प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। बूथ स्तर पर भी बहुत अच्छा काम हुआ है और जहां कार्य शेष है, उसे आगामी 'मन की बात' कार्यक्रम के दिन तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करना है। यह केंद्र का एक बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके माध्यम से वर्तमान पीढ़ी को हमारे महापुरुषों के जीवन, उनके संघर्ष और राजनीतिक भूमिका से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के इतिहास को जानकर ही कार्यकर्ता भविष्य में सशक्त नेतृत्वकर्ता बनते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हनुमान जी की तरह कार्य करने का आह्वान किया, जिन्होंने भगवान श्रीराम द्वारा दिए गए कार्य से भी बढ़कर जिम्मेदारी निभाई थी। बैठक का संचालन महेश सोनी ने किया। आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष क्रांति जोशी द्वारा किया गया।

140 मरीजों की हुई जांच, 20 गंभीर मरीज मेडिकल कॉलेज रेफर; रेड क्रॉस करेगी आने-जाने की निःशुल्क व्यवस्था

रतलाम। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा रतलाम द्वारा रविवार को सुभाष नगर स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर का मार्गदर्शन रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश उपसभापति मनीष रावल ने किया।

कार्यक्रम का समन्वय सचिव मानस पुरोहित एवं राजेश रांका ने किया, जबकि शिविर के संयोजक दिनेश भरमेचा रहे। शिविर का शुभारंभ रेड क्रॉस समिति के सदस्य एडवोकेट सुनील पारीख एवं अशोक जैन लाला के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। शिविर में मेडिकल कॉलेज की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। टीम में डॉ. रोशन मंडलोई, डॉ. कर्तव्य डामोर, डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. राजेश्वरी धाकड़, डॉ. आशीष मंडावरी, अनोखी कमले, निलेश सेपरिया एवं शारदा देपन सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहे। संयोजक दिनेश भरमेचा ने बताया कि शिविर में 140 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 20 गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा इन चिन्हित मरीजों को अपने वाहन से मेडिकल कॉलेज तक निःशुल्क ले जाने एवं उपचार के बाद सुरक्षित उनके घर सुभाष नगर वापस पहुंचाने की व्यवस्था भी की जाएगी। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी के उपसभापति सुशील मूणत, कोषाध्यक्ष संजय लुनिया, हेमंत मुणत, शुभम डागर, पद्मा चावरे, राजेश पोरवाल, काकड़ीवाला, अजय अग्रवाल, दीपक राव, शिव प्रकाश सोलंकी, प्रभु नेका एवं दिव्यांश कावडिया सहित बड़ी संख्या में रेड क्रॉस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन पर स्थानीय नागरिकों ने भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की इस जनसेवा पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की।

जन्मदिन पार्टी में गए परिवार के सूने घर पर धावा,

12 लाख के जेवर और नकदी समेट ले गए तीन नकाबपोश चोर

रतलाम। शहर के होमगार्ड कॉलोनी के समीप स्थित पद्मावती धाम में रविवार देर रात एक सूने मकान को तीन नकाबपोश चोरों ने निशाना बना लिया। बदमाश मुख्य दरवाजे का ताला और इंटरलॉक तोड़कर घर में घुसे, फिर आलमारी और लॉकर के ताले तोड़कर करीब 12 लाख रुपए से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात, 50 हजार रुपए नकद और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पूरी वारदात पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फरियादी नीरजसिंह पिता मनोहरसिंह, निवासी पद्मावती धाम, ने बताया कि शनिवार रात करीब 11.30 बजे वे परिवार के साथ लोटस कॉलोनी स्थित अपने साले के घर जन्मदिन समारोह में गए थे और रात वहीं रुक गए। रविवार सुबह पड़ोसी का फोन आया और मकान के ताले टूटे होने की जानकारी दी।

घर पहुंचने पर देखा कि मुख्य गेट का ताला और इंटरलॉक टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो आलमारी और लॉकर के ताले भी तोड़े जा चुके थे। चोर सोने की तीन चेन (करीब 35 ग्राम), चार अंगूठियां (करीब 25 ग्राम), पांच जोड़ी टॉप्स (करीब 25 ग्राम), तीन चांदी के सिक्के, चांदी का कंदोरा, बच्चों और बड़ों के दो जोड़ी कड़े (करीब 300 ग्राम), एक घड़ी तथा बैग में रखे 50 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। इसके अलावा बाइक की आरसी और एटीएम कार्ड भी अपने साथ ले गए।

दिल बहार चौराहे पर महिलाओं ने की युवक की सरेराह पिटाई, जेब से रुपए छीने; वीडियो वायरल

रतलाम। स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला दिल बहार चौराहा एक बार फिर अपराधियों और अनैतिक गतिविधियों के कारण सुर्खियों में आ गया है। पुलिस की तमाम गश्त और दावों के बावजूद इस व्यस्ततम इलाके में असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।

ताजा मामला आज सोमवार सुबह का है, जहां सरेराह कुछ महिलाओं ने एक युवक पर झपट्टा मारकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी और उसकी जेब से पैसे छीन लिए। इस पूरी वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार सुबह करीब 11.30 बजे की है। दिल बहार चौराहे के पास एक युवक बैठा हुआ था, तभी अचानक तीन से चार महिलाओं ने उसे घेर लिया और विवाद करते हुए मारपीट शुरू कर दी। चौराहे पर सरेआम हो रही

इस गुंडागर्दी को देखकर वहां हड़कंप मच गया। इसी दौरान पास में खड़े एक मैजिक (यात्री वाहन) चालक ने अपने मोबाइल कैमरे में इस पूरी मारपीट का वीडियो कैद कर लिया, जो अब इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रहा है।

अनैतिक देह व्यापार और होटलों की मिलीभगत का आरोप

सूत्रों और स्थानीय व्यापारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, यह पूरा क्षेत्र पिछले लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियों का अड्डा बना हुआ है। आरोप है कि यहाँ कुछ महिलाएं आदतन अनैतिक देह व्यापार में लिप्त रहती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र के कुछ होटल संचालक भी महज थोड़े से मुनाफे और लालच के चक्कर में अपने होटलों के कमरे कुछ घंटों के लिए किराए पर दे देते हैं, जिससे इस तरह के अपराधियों को बढ़ावा मिल रहा है। व्यापारियों के अनुसार, इन महिलाओं का जमावड़ा यहाँ रोज देखा जा सकता है, जिसके कारण आए दिन मारपीट और विवाद की स्थितियां निर्मित होती हैं।

पुलिस जांच में जुटी

घटना के दौरान युवक की जेब से पैसे निकाले जाने की बात भी सामने आई है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात की सूचना तुरंत स्टेशन रोड पुलिस थाने को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम हरकत में आई और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

पुलिस वायरल वीडियो और स्थानीय लोगों के बयानों के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त करने में जुटी है। स्थानीय दुकानदारों ने मांग की है कि दिल बहार चौराहे पर पुलिस का परमानेंट पहरा बैठाया जाए ताकि आम राहगीर और व्यापारी सुरक्षित महसूस कर सकें।

एक शाम श्री सोनाणा खेतलाजी के नाम

रतलाम। रतलाम की पावन भूमि पर श्री सोनाणा खेतलाजी के परम उपासक भक्त शिरोमणि श्री शांतिलाल जी लादाजी भंडारी की चौदहवीं पुण्यतिथी निमित्त 14 वां वर्ष उत्साह्पूर्वक श्री सोनाणा खेतलाजी के परम भक्तराज वदन सिंह श्री राज राजेंद्र जी भंडारी के पावन सानिध्य में आज 14 जुलाई 2026 को प्रातः 9 बजे भव्य रथ यात्रा एवं एक शाम श्री सोनाणा खेतलाजी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। श्री सच्चिया मातादी के परम भक्त अंकित भंटेरारा ने बताया कि परम उपासक भक्त शिरोमणि श्री शांतिलाल जी लादाजी भंडारी की चौदवीं पुण्यतिथि पर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक उत्सव की शुरुआत आज प्रातः सोमवार 13 जुलाई को मुहुर्त में अन्नपूर्णा पूजन (भट्टी पूजन) एवं माताजी खेतलाजी को मेहंदी चढ़ाई गई के साथ हुई।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

"ई-निविदा सूचना"

निविदा संख्या : SnT-RTM-26-Tele-15. **दिनांक** : 11/07/2026. निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम, की ओर से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम** : उज्जैन एवं सिम्हस्थ-2028 से संबंधित विभिन्न कार्यों के अंतर्गत दूरसंचार (Telecom) सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं चालू (Commissioning) करने का कार्य, जिसमें निम्नलिखित कार्य सम्मिलित हैं। 1. उज्जैन: भोपाल (BPL) छोर पर प्लेटफॉर्म सं. 01 एवं 08 के मध्य रैम्प सहित ०6 मीटर चौड़े आवृत फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान। 2. उज्जैन: रतलाम (RTM) छोर पर प्लेटफॉर्म सं. 01 एवं 08 के मध्य रैम्प सहित 06 मीटर चौड़े आवृत फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान। 3. उज्जैन : प्लेटफॉर्मों के मध्य भाग में प्लेटफॉर्म सं. 01 एवं 08 के बीच लिफ्ट एवं रैम्प सहित 12 मीटर चौड़े आवृत फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान (सिम्हस्थ-2028)। 4. नईखेड़ी: हाई लेवल प्लेटफॉर्म एवं कवर शेड का प्रावधान (सिम्हस्थ-2028)। 5. गिरोदपुरा: रैम्प सहित 06 मीटर चौड़े 02 आवृत फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान (सिम्हस्थ-2028)। 6. विक्रमनगर: रैम्प एवं कवर सहित 06 मीटर चौड़े एक फुट ओवर ब्रिज (FOB) तथा जल व्यवस्था में सुधार का प्रावधान (सिम्हस्थ-2028)। 7. मोहनपुरा: रैम्प सहित ०6 मीटर चौड़े ०2 आवृत फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान (सिम्हस्थ-2028)। 8. पयराग : हाई लेवल प्लेटफॉर्म एवं कवर शेड का प्रावधान (सिम्हस्थ-2028)। 9. ताजपुर: सिम्हस्थ-2028 के अंतर्गत अतिरिक्त लूप लाइन का प्रावधान। 10. नागदाझरी: सिम्हस्थ-2028 के अंतरगत अतिरिक्त लूप लाइन एवं प्लेटफॉर्म लाइन सहित। यार्ड री-मॉडलिंग। 11. मोहनपुरा : हाई लेवल प्लेटफॉर्म एवं कवर शेड का प्रावधान (सिम्हस्थ-2028)। **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹88,10,121.89/- (रुपये अठासी लाख दस हजार एक सौ इक्कीस तथा पैसे नवासी मात्र।) **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **जमानत राशि** : ₹1,76,200.00/- **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : नौ (09) माह। **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय** : दिनांक 10.08.2026 समय 15.00 बजे तक. **ई-निविदा खोलने की तिथि व समय** : दिनांक 10.08.2026 समय 15.30 बजे तक। **वैधता** : निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। निविदा **http://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदाकार के पास Class III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है तथा IREPS पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। केवल पंजीकृत निविदाकार ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं।

SNP-153

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly